# संवहनीय विकास चार्टर

रोलेक्स और भागीदारों के लिए

ROLEX

**रोलेक्स ने अपनी सभी गतिविधियों के केंद्र में ज़िम्मेदारी की धारणा को रखा है। प्रारंभ से ही, गुणवत्ता और स्थायित्व के लिए ब्रांड के चिंतन ने स्वाभाविक रूप से उसे संवहनीयता की ओर अग्रसर किया, जो समय की कसौटी पर खरी उतरने के लिए बनाई गई उन घड़ियों में सन्निहित है।**

**उत्कृष्टता की संस्कृति और स्थायी नवोन्मेष की भावना कंपनी के हर काम का मार्गदर्शन करती है, जिसमें उसके द्वारा उत्पादों और उसके कर्मचारियों की कामकाजी परिस्थितियों में लगातार सुधार से लेकर पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभाव को कम करना शामिल है। इसके परिणामस्वरूप, रोलेक्स अपने व्यवसाय को ज़िम्मेदारी से संचालित करने और अपनी संपूर्ण मूल्य शृंखला में ठोस संवहनीय विकास के उपायों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।**

संवहनीय विकास चार्टर अपने विभिन्न भागीदारों के संबंध में रोलेक्स की मुख्य अपेक्षाओं को निर्धारित करता है, जिनमें से सभी अपने काम के ज़रिए, दुनिया में ब्रांड की छवि को ऊपर उठाने और उसकी प्रतिष्ठा बनाने में योगदान करते हैं। इस दस्तावेज़ का उद्देश्य उन भागीदारों को उन्हीं सटीक मानकों को लागू करने के लिए प्रोत्साहित करना है जिनके लिए रोलेक्स हमेशा विख्यात रहा है।

यह चार्टर समाज और पृथ्वी के प्रति स्वैच्छिक प्रतिबद्धता को औपचारिक रूप देता है, और इसका उद्देश्य यथासंभव अधिक से अधिक लोगों और भावी पीढ़ियों के हित में अधिक संवहनीयता की दिशा में संयुक्त प्रयासों को बढ़ावा देना और उन्हें विकसित करना है। निरंतर सुधार की भावना से, यह सभी के लाभ के लिए संवहनीयता की अच्छी प्रथाओं की पहचान करता है। इसलिए समय के साथ अनुभव हासिल होने पर और क़ानून में बदलाव के साथ इसमें संशोधन होने की संभावना है।

रोलेक्स अपने भागीदारों को विश्वास और पारदर्शिता पर आधारित साझा दृष्टिकोण के माध्यम से संवहनीय विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता घोषित करने में ब्रांड के साथ खड़े होने के लिए आमंत्रित करता है। दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर करके, वे ब्रांड को उसकी संवहनीयता संबंधी कार्रवाइयों में समर्थन देने और पहल विकसित करने का वचन देते हैं ताकि उनके अपने व्यावसायिक भागीदार ऐसे ही सिद्धांतों और उपायों को लागू कर सकें।

1 'भागीदार' शब्द आपूर्तिकर्ताओं, सेवा प्रदाताओं और आधिकारिक खुदरा विक्रेताओं के साथ-साथ रोलेक्स के साथ व्यावसायिक या संविदात्मक संबंध रखने वाले किसी भी व्यक्ति या क़ानूनी इकाई को संदर्भित करता है।

# सिद्धांत और उपाय

**संवहनीयता की दृष्टि से और कॉर्पोरेट सामाजिक व पर्यावरणीय जिम्मेदारी के संबंध में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय क़ानूनी प्रावधानों तथा विनियमों पर विचार करते हुए, रोलेक्स ने अपनी आर्थिक गतिविधि के ढांचे के भीतर मानवाधिकारों और बुनियादी स्वतंत्रता के लिए सम्मान, पर्यावरण की सुरक्षा और सुदृढ़ प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किए गए सिद्धांतों और उपायों को परिभाषित किया है।**

**नीचे उल्लिखित सिद्धांत और उपाय निम्नलिखित अंतरराष्ट्रीय संदर्भों को ध्यान में रखते हैं: संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन संधि और 2030 के लिए संयुक्त राष्ट्र संवहनीय विकास लक्ष्य।**

## सामाजिक ज़िम्मेदारी

रोलेक्स के भागीदार कभी भी बाल श्रम, ग़ुलामी या दासत्व, मानव तस्करी, या जबरन या अनिवार्य श्रम में शामिल नहीं होने या निषिद्ध श्रम के इन रूपों से उत्पन्न होने वाली किसी भी सेवा या उत्पाद का उपयोग नहीं करने का वचन देते हैं। इसी तरह, वे जाति, धर्म, जातीयता, लिंग या विकलांगता के आधार पर भेदभाव के सभी रूपों को अस्वीकार करते हैं।

वे पुरुषों और महिलाओं के साथ समान रूप से और सम्मानपूर्वक व्यवहार करने का वचन देते हैं। लागू सामाजिक नियमों (पारिश्रमिक, वेतन और काम के घंटे व शर्तें) के अनुपालन में, वे कार्यस्थल में गरिमा और मानव कल्याण के विपरीत किसी भी व्यवहार से दूर रहेंगे।

वे सभी प्रकार के शारीरिक या मनोवैज्ञानिक उत्पीड़न को अस्वीकार करते हैं, और विशेष रूप से सभा और संघ की स्वतंत्रता के मूल अधिकार का सम्मान करते हैं। वे अपनी कंपनी या कंपनियों में लागू स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों को लागू करने का भी वचन देते हैं।

## पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी

रोलेक्स के साझेदार अपने पारिस्थितिक पदचिह्न को कम करने के लिए पर्यावरण संबंधी लागू मानकों के अनुसार कार्य करने का वचन देते हैं।

इस संबंध में, वे जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए क़दम उठाने (ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को माप कर और उन्हें यथासंभव कम कर के) और जैव विविधता की रक्षा के लिए कार्य करने पर (विशेष रूप से प्राकृतिक संसाधनों के ज़िम्मेदार उपयोग के माध्यम से) सहमत हैं।

## अभिशासन

रोलेक्स के भागीदार जिम्मेदार ख़रीद प्रक्रियाओं को अपनाने का वचन देते हैं।

वे उन स्थितियों का पूर्वानुमान लगाने और उनसे बचने के लिए अतिरिक्त आवश्यक सभी उपाय करेंगे जिनमें व्यक्तिगत हित, कंपनी के हितों के साथ टकरा सकते हैं। वे संभावित मामलों का पता लगाने के लिए क़दम उठाकर भ्रष्टाचार को रोकने का भी वचन देते हैं।

वे कॉर्पोरेट प्रशासन के लिए अच्छी प्रथाओं को लागू करने और समुचित उद्यम व पारदर्शिता की आवश्यकताओं, व्यापार क़ानून और कराधान के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए लागू राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय क़ानूनी प्रावधानों के अनुसार कार्य करेंगे।

अंततः, वे मुक्त प्रतिस्पर्धा, सूचना की सुरक्षा और गोपनीयता के नियमों का पालन करने का वचन देते हैं।

2 संघर्ष प्रभावित और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों से खनिजों की ज़िम्मेदार आपूर्ति शृंखलाओं के लिए OECD समुचित उद्यम मार्गदर्शन/2016/तीसरा संस्करण।

## चार्टर का अनुप्रयोग

भागीदार चार्टर का पालन सुनिश्चित करने और अपने व्यवसाय संचालन में इसके सिद्धांतों और उपायों के अनुप्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए रोलेक्स के साथ सहयोग करने के लिए सहमत हैं।

वे रोलेक्स को सिद्धांतों और उपायों को लागू करने में किसी भी कठिनाई के अलावा देखे गए उपायों के किसी भी महत्वपूर्ण उल्लंघन के बारे में सूचित करेंगे।

## चार्टर में संशोधन

संवहनीय विकास के क्षेत्र में बदलाव, विशेष रूप से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों और विनियमों में संशोधन के अनुसार चार्टर की विषय-वस्तु के विकसित होने की संभावना है।

चार्टर में सभी संशोधन और अपडेट भागीदारों को सूचित किए जाएँगे और परिवर्तनों को मान्य करने के लिए अतिरिक्त हस्ताक्षर की आवश्यकता होगी।

भागीदार की कंपनी का नाम

हस्ताक्षरकर्ता या हस्ताक्षरकर्ताओं के नाम

स्थान और दिनांक

भागीदार के हस्ताक्षर

| संस्करण | दिनांक | संशोधन |
|---|---|---|
| 1 | फरवरी 2022 | प्रारंभिक चार्टर। |
| 2 | मई 2023 | – OECD मार्गदर्शन संदर्भ पृष्ठ 4 पर जोड़ा गया।<br>– पृष्ठ 5 पर अंतिम वाक्य में परिवर्तन (चार्टर में संशोधन के मामले में अतिरिक्त हस्ताक्षर)। |